वर्ष : 10 > अंक : 01

मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

website: www.hsnews.in

# हिलव्यू समाचार

10 वां स्थापना दिवस

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, बुधवार, 21 जून 2023

## क्या सुप्रीम कोर्ट से बड़ा है कालीचरण सर्राफ विधायक मालवीयनगर विधानसभा का ओहदा?

# क्या कर लेगा सुप्रीम कोर्ट: कालीचरण सर्राफ

### सर्राफ का सिरफ़िरापन मालवीय नगर विधानसभा की जनता के लिए बन रहा सरदर्द

- अभी सरकार सत्ता में नहीं फिर भी अहंकार के चरम को छूता है सर्राफ का व्यवहार और ग़लती से सत्ता में आ गए तो क्या करेंगे जनता का हाल?
- राजापार्क पंचवटी सर्कल के भूमाफियाओं को पनपाने में सबसे बड़ा हाथ है विधायक सर्राफ का
- सर्राफ ने माना गुरुनानकपुरा राजापार्क के गुरु गोविंद सिंह पार्क पर विधायक कोटे से ही हो रहा अवैध निर्माण
- सामुदायिक भवन के नाम पर किया जा रहा है पार्क की भूमि पर कब्ज़ा
- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर सार्वजनिक पर पार्क में बन रहा सामुदायिक भवन
- स्थानीय विधायक सर्राफ की शैय व झूठ पर एससी कोटे में जनरल प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव और झूठ के बल पर आए सत्ता में।
- राजापार्क ही नहीं पूरी राजधानी में इन भूमाफ़ियाओं से पीड़ित हैं असंख्य लोग जिन्हें बर्बाद करके आबाद हुए हैं ये भूमाफ़िया



*गहलोत सरकार की नाक के नीचे मालवीयनगर विधानसभा के विधायक कालीचरण सर्राफ बने मसीहा पंचवटी सर्कल राजापार्क भूमाफ़िया गैंग के।*



*गुरुगोविंद सिंह पार्क गुरुनानकपुरा में विधायक कोटे से हो रहा अवैध निर्माण। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की उड़ रही धज्जियाँ!*




सरकारी स्कूल व पुराने डाकघर पर अतिक्रमण कर बनी अवैध दुकानें जिनकी रजिस्ट्री भी बनीं हैं फ़र्ज़ी!

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। राजापार्क के भूमाफ़ियाओं को अवैध कब्ज़े और अतिक्रमण करने की ताक़त स्थानीय विधायक और भ्रष्ट मालवीय नगर जोन से ही प्राप्त हो रही है। स्वयं कालीचरण सर्राफ स्थानीय विधायक इनके पोषक हैं। निजी संपत्तियों,सरकारी संपत्तियों पर नज़रें गढ़ाए रखने वाले यह भूमाफ़िया अब सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ या सुख-सुविधा के साधनों पर भी सेंध लगा रहे हैं। राजापार्क के गुरु गोविंद सिंह पार्क के मुख्य द्वार पर बाएँ हिस्से में अवैध निर्माण चल रहा है। ठेकेदार से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि यहाँ सामुदायिक भवन बन रहा है। ईश्वरिय आस्था के नाम पर लोगों की आँखों में धूल झौंक कर कब्ज़ा करने वाले इन भूमाफ़ियाओं को हर घर,हर मकान,हर लावारिस ज़मीन,सरकारी ज़मीन, सार्वजनिक संपत्ति अपनी नज़र आने लगती है फिर ये भूमाफ़िया खेल शुरू करते हैं अपनी नियत को अंज़ाम देने का जिसमें सहयोग होता है विधायक कालीचरण सर्राफ का। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेंद्र सोनी, मालवीयनगर जोन उपायुक्त महेश मान, पार्षद स्वाति परनामी या कोई भी नेता, जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी इन भूमाफ़ियाओं को नियंत्रित नहीं कर पा रहा क्योंकि इनको विधायक का आशीर्वाद प्राप्त है। गहलोत सरकार के कार्यकाल में लगातार हो रहे अवैध निर्माण और सरकारी भूमियों पर होते अतिक्रमण गहलोत सरकार के फेलियर सिस्टम को प्रमाणित करते हैं साथ ही शासन-प्रशासन की मिलीभगत और भ्रष्टाचार को भी उजाकर करते हैं।सबसे बड़ी बात यह है कि कांग्रेस सरकार की नाक के नीचे बीजेपी विधायक,बीजेपी पार्षद राजापार्क ही नहीं पूरी राजधानी में भूमाफ़िया,अवैध निर्माणकर्ता और अतिक्रमणकारी बने हुए हैं और गहलोत की कांग्रेस सरकार पंगु होकर तमाशबीन बनी हुई है।



*बन्नूवाल कमेटी की करोड़ों अरबों की ज़मीन फ़र्ज़ी रजिस्ट्री व फ़र्ज़ी किरायनामों से उठाकर करोड़ों का किराया उठा रहे भूमाफ़िया*




*पंचवटी सर्कल सरकारी स्कूल की करोड़ों अरबों की ज़मीन लीज पर बताकर टैंट हाउस के नाम से दबाए बैठे हैं बनवारीलाल शर्मा*

**आगामी अंकों में जल्द ही पंचवटी सर्कल के भूमाफ़ियाओं के एक-एक कर नाम और धंधे होंगे उजागर और साथ ही इनकी छिपी काली कमाई का होगा ख़ुलासा**

## गहलोत सरकार के ज़िम्मेदार बन बैठे ज़मीदार

# मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा विधायक नवलगढ़ के कच्चे चिट्ठे रोज़ आ रहे सामने

### गोनेर जंगलात के हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर वन विभाग ज़मीनों पर कर रहे हैं अवैध कब्ज़ा मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा

### जेडीए की जाँच कमेटी ने भी हैरत से देखे गोनेर ग्रास फार्म के हरे-भरे कटे पेड़ व जंगलात की ज़मीन पर मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा नवलगढ़ विधायक द्वारा किए गए कब्ज़े के सबूत

### अवैध होटल की अवैध बाउंड्रीवॉल में अनारकली की तरह चुन दिये गए हरे-भरे पेड़ के तने दे रहे गवाही अपनी तबाही की



*गोनेर ग्रास फार्म के जंगलात के पास मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा का बन रहा अवैध होटल।*



*गोनेर ग्रास फार्म की 570 बीघा ज़मीन पर कब्जा करने के लिए काटे गए हरे भरे पेड़।*



*अवैध होटल की अवैध बाउंड्री वॉल में चुन दिए गए हरे-भरे पेड़ गोनेर ग्रास फार्म पर आनन-फानन में किये गए कब्जे के चश्मदीद गवाह हैं।*



*अवैध होटल की अवैध बाउंड्री वॉल और गोनेर ग्रास फार्म पर विजिट करती गोनेर इनक़्वायरी जेडीए की टीम*

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। जयपुर कॉलेज के संस्थापक दिवंगत आचार्य द्विजेश शर्मा की मौत के बाद उनकी अकूत संपत्ति पर मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा नवलगढ़ विधायक कुंडली मार कर बैठ गए हैं और सपेरा बनी हुई है सरकार।

आचार्य द्विजेश की ग्राम गोनेर हल्का गोनेर तहसील सांगानेर में स्थित खसरा नम्बर 3383 लगभग 30 बीघा ज़मीन पर राजकुमार शर्मा ने कब्ज़ा तो किया ही है। कब्ज़े की आड़ में वन विभाग व जेडीए की 570 बीघा ज़मीन यानी करोड़ों-अरबों की ज़मीन पर भी दिन-दहाड़े कब्ज़ा कर रहे हैं।

अवैध होटल का निर्माण कर रहे हैं जबकि जेडीए से नहीं ली है कोई अनुमति और न ही है कोई भू-रूपांतरण के दस्तावेज़ उपलब्ध हैं।जंगलात की ज़मीन पर होटल का व्यवसायिक निर्माण जेडीए की भूमिका को भी संदिग्ध बना रहा है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री गहलोत के पुत्र वैभव की 50% हिस्सेदारी है और यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा नवलगढ़ विधायक 25-25% के पार्टनर हैं। शर्मा पूरी गुंडागर्दी और अपने भूमाफ़िया गैंग से लगातार जंगलात व जेडीए की ज़मीनों पर कब्ज़े करवा रहे हैं। जेडीए में मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा की काली गाड़ी आये दिन खड़ी देखी जा सकती है।



*यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल गोनेर ग्रास फार्म जंगलात में हुई तबाही के लिए जवाब दें!*



*निजी व सरकारी ज़मीनों पर कब्जे करके उन ज़मीनों के ज़मींदार बनकर राजकुमार शर्मा राज्य के राजकुमार तो फिर भी नहीं बन पाएंगे हाँ जनता और शासन-प्रशासन में भूमाफ़िया की उपाधि से ज़रूर नवाज़े जा रहे हैं।*

### विशेष ख़बर

इन सूचनाओं की लिखित शिक़ायत 6 जून 2023 को अशोक पाठक सोशियल एक्टिविस्ट ने की।उनकी शिकायत पर विधि निदेशक दिनेश गुप्ता ने जाँच के आदेश दिए और तीन-तीन लोगों की कमेटी गठित कर 19 जून तक रिपोर्ट देने के आदेश दिए।

जिसमें गोनेर के अवैध कब्जे,जंगलात के पेड़ों की कटाई व जेडीए व वन विभाग की ज़मीनों के कब्जे की जाँच के आदेश दिये गए।

गोनेर इनक़्वायरी कमेटी में मनीष कुमार कनिष्ठ विधि अधिकारी,धर्मराज गुर्जर पटवारी जेडीए,प्रमोद सिंह शेखवात स्थायी अधिवक्ता जेडीए अधिकरण को नियुक्त किया गया था।

जिसमें 19 जून 2023 को ही विधि निदेशक द्वारा गठित जाँच कमेटी मौक़े पर पहुँची।मौक़ा स्थल पर गोनेर ग्रास फार्म के जंगलात की विजिट की। उनके साथ गोनेर की महिला पटवारी ममता बेनीवाल और स्थानीय नागरिक जो कि पटवारी भी है मदन सिंह साथ रहे।

**हिलव्यू समाचार ने भी किया कवरेज़ लगातार गोनेर टीम के मौक़े मुआयने को जिसका आँखों देखा हाल है कि-**

- विधि निदेशक दिनेश गुप्ता द्वारा गठित टीम ने भी हरे-भरे पेड़ों के कटे हुए सर अपनी आँखों से देखे।निराशा व राजकुमार शर्मा के अन्याय में डूबे कटे हरे-भरे पेड़ अपनी दुर्दशा की कहानी ख़ुद कह रहे थे।
- आसपास के ग्राम वासियों ने भी पुष्टि की कि यहाँ जंगलात से गुज़रने के दो कच्चे रास्ते थे वह भी राजकुमार शर्मा के गुंडों और भूमाफ़ियाओं ने कब्ज़ा कर बन्द कर दिए हैं अब इधर ग्रामवासियों का आना भी लगभग बन्द हो गया है।
- गोनेर जाँच कमेटी ने भी मौक़ा स्थल पर माना कि पेड़ों की अवैध कटाई हुई है और जेडीए व जंगलात की ज़मीन पर कब्जा किया गया है।
- कमेटी ने रिपोर्ट में भूमि सीमांकन,पेड़ों की कटाई अंकित करने की बात कही।
- जेडीए की सरकारी ज़मीन पर बन रहे अवैध होटल निर्माण पर जाँच कमेटी ने जान बूझकर ध्यान नहीं दिया। न ही अवैध निर्माण को भीतर से जाकर किया मौक़ा मुआयना।
- कमेटी के किसी मेम्बर ने अवैध होटल के बारे में कोई पूछताछ नहीं की। पूरी तरह से नज़रंदाज़ किया अवैध होटल के अस्तित्व को।

**गोनेर इनक़्वायरी कमेटी क्या रिपोर्ट प्रस्तुत करती है और जेडीए व वन विभाग क्या कार्यवाही करता है? रिपोर्ट के बाद यह देखने वाली बात होगी। बाक़ी सरकार व सरकार के ज़िम्मेदार ज़मींदार बनने को उतारू हैं इसीलिए पूरे प्रदेश में ही चारों तरफ़ अतिक्रमण,अवैध निर्माण ज़ोरों-शोरों से चल रहे हैं।**

## ख़बर-बेख़बर

# परमिशन के नाम पर धूल झौंक रहे बिल्डर और निगम अधिकारी

### मालवीय नगर जोन मिलीभगत कर बनवा रहा अवैध बिल्डिंग्स



*270/4 राजापार्क, जवाहर नगर थाने के सामने बायीं ओर होता निगम की परमिशन के विपरीत अवैध निर्माण। निःसन्देह अनुमति का बोर्ड लगा है लेकिन कागज़ों की अनुमति और मौक़े के निर्माण में बड़ा फ़र्क़ आसानी से देखा व समझा जा सकता है।*

### नगर निगम से परमिशन कुछ और मौक़े पर निर्माण कुछ और?



*250/4 जवाहरनगर थाने के सामने, राजापार्क बिना स्वीकृति और सेटबैक के धड़ल्ले से चलता अवैध निर्माण*

**कुलदीप गुप्ता**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। राजापार्क अवैध निर्माणों का गढ़ बनता जा रहा है । नगर निगम ग्रेटर के मालवीयनगर नगर निगम जोन के उपायुक्त महेश मान बन बैठे है अवैध निर्माणों के संरक्षक जिसकी वजह से राजापार्क में अवैध निर्माणकर्ताओं ने नंगा नाच मचा रखा है। बिल्डर कहने को परमिशन लेते हैं जबकि वह परमिशन नाम मात्र की होती है आँखों में धूल झौंकने के लिए ताकि इसकी आड़ में बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए नक़्शे,लेआऊट प्लान के विपरीत काम आसानी से किया जा सके। बेसमेंट की परमिशन नहीं होती है फिर भी बेसमेंट की खुदाई कर ली जाती है। सेटबैक 20 -30 फीट छोड़ना होता है लेकिन 5-10 फिट छोड़कर निर्माण कर लिया जाता है और कहीं कहीं तो बिल्कुल भी सेट बैक नहीं छोड़ा जाता है और छोड़ा भी जाता है तो नाम मात्र का। राजापार्क, जवाहर नगर थाने के सामने दो अवैध निर्माण प्लॉट नम्बर 250/4 एवं प्लाट नम्बर 270/4 में ज़ोर शोर से इसी तर्ज़ पर चल रहे हैं । 270/4 में परमिशन का साइन बोर्ड लगा हुआ है पर वो साइन बोर्ड केवल दिखावे के लिए लगा हुआ प्रतीत होता है क्योंकि सेटबैक में की गई चालाकी स्पष्ट रूप से नज़र आ रही है और इसी के साथ-साथ बेसमेंट का निर्माण , अवैध निर्माण की अपनी दास्तान स्वयं कह रहा है । वही दूसरी तरफ प्लॉट नम्बर 250/4 में जो निर्माण कार्य हो रहा है उस पर परमिशन का कोई साइन बोर्ड नहीं लगा हुआ और अवैध निर्माण अपनी चरम सीमा पर है क्योंकि न कोई निगम से जाँच पड़ताल करने आता है और न ही कोई कार्यवाही की जाती है । सरकारी अधिकारियों के मुँह और आँखे पहले से ही बन्द कर दिए जाते है जिसकी वजह से रेजिडेंशियल कॉलोनी में कॉमर्शियल निर्माण हो जाते हैं। नियम कायदों एवं कानून को ताक में रखकर बनाये गए ये फ्लैट्स करोडों रुपये में बिकते हैं जिसकी वजह से नगर निगम को रेवेन्यू का नुकसान तो होता ही है साथ ही इनकम टैक्स विभाग को भी नुकसान होता है । बिना अनुमति के बनने वाले इन फ्लैट्स को खरीदने वाला ठगा सा महसूस करता है जब उसे पता चलता है कि ऊक्त बिल्डिंग के निर्माण की स्वीकृति नहीं थी, फायर एन ओ सी नहीं है और जो मैटेरियल लगाया गया है उसकी भी क्वालिटी बढिया नहीं है या तय मानक स्तर पर खरी नहीं उतरती है। ऐसे में आम नागरिक इन सरकारी अधिकारियों और बिल्डरों के द्वारा मिलकर खेले गए भष्ट्राचार के खेल में फँस जाता है और जब तक समझ आती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

# बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की धज्जियाँ उड़ाती हुई बिल्डिंग्स प्लॉट न. 582 A और प्लॉट न.574 गली नंबर 7 राजापार्क

### मालवीय नगर निगम जोन के उपायुक्त महेश मान की शह पर अवैध निर्माण अंतिम चरण पर

**कुलदीप गुप्ता**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। मोटी रकम लेकर शासन और प्रशासन हो रहा है मस्त और अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमण पर कार्यवाही हो रही है सुस्त।

शिकायतें ठंडे बस्ते में और रिश्वत की मोटी रक़म जेब में लेकर पूरी दबंगता से अवैध निर्माण के काम करवाते हैं महेश मान।

मालवीय नगर निगम जोन में आज कल ऐसा ही देखने को मिल रहा है। जहाँ एक तरफ भसीन कार गली नंबर 07,उदय मार्ग, राजापार्क (कॉर्नर बिल्डिंग) का अवैध निर्माण बन्द पड़ा हुआ है वहीं दूसरी ओर उसी के बगल में गली नम्बर 6 एवं 7 के बीच में भसीन कार के अवैध निर्माण के दाईं ओर बल्कि इर्द गिर्द सभी जगह आवासीय में कॉमर्शियल निर्माण बड़े धड़ल्ले पर हो रहे है ।

प्लॉट नम्बर 582 A के अवैध निर्माण के साथ ही प्लॉट नम्बर 574 का निर्माण भी अपनी चरम सीमा पर है। एक तरफ सरकार नियम-कायदें कानून की बात करती है पर स्वयं ही उन नियमों का मज़ाक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। एक तरफ कार्यवाही कर देती है वही दूसरी और जिस जगह कार्यवाही की जाती है उसके आस पास की अन्य अवैध निर्माण बिल्डिंग्स नहीं दिखती है निगम को,आख़िर क्यों?

उपायुक्त महेश मान इतना दोगला व्यवहार किस कारण से करते है यह दबी ज़ुबान से चर्चा में है कि बिल्डर से हुई साँठगाँठ सब ठीक कर देती है।



*582 A अवैध निर्माण बनकर खड़ा हो गया और अब उससे सटकर 574 का अवैध निर्माण है अंतिम चरण पर। नगर निगम मालवीय नगर जोन सोया है मिलीभगत कर नींद में।*

ऐसे में बिल्डिंग बायलॉज के नियम तो ताक में हैं ही बल्कि आवासीय में बहुमंज़िला बनती यह कमर्शियल बिल्डिंग्स उपायुक्त महेश मान के भ्रष्टाचार की कहानी चीख-चीख कर कहती हैं। न स्वयं कोई प्रसंज्ञान लेते है और कोई शिकायत करे तो उसे देख लेने की धमकी देते नज़र आते हैं समझ नहीं आता है कि महेश मान सरकार के अधिकारी है या इन बिल्डरों के कर्मचारी ?

## सम्पादकीय

# गीता प्रेस पर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने पर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। लगता है कांग्रेस बिना सोचे समझे राजनीति कर रही है। भारत के सनातन ज्ञान को पुस्तकों के रूप में संजोने का निस्वार्थ भागीरथ काम कर रहे गीता प्रेस के योगदान को कभी नकारा नहीं जा सकता है। भारत ने वो दौर झेला है जब नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जला दिया गया था, जिसमें भारत के प्राचीन ज्ञान का भंडार था। भारत बेशक भौतिक रूप से अकिंचन देश रहा है, लेकिन ज्ञान के मामले में प्राचीन काल से समृद्ध रहा है। प्राकृत, पाली से लेकर संस्कृत भाषा में भारत का बौद्धिक स्तर समय से बहुत आगे रहा है। भौतिक पश्चिम ने भारत के जिस ज्ञान को अप्रमाणिक कह कर नकारता रहा है, वही पश्चिम भारत के प्राचीन ज्ञान के प्रति मंत्रमुग्ध है। गीता प्रेस ने भारत के सनातन ज्ञान के भंडार को पुस्तकों में छाप कर व उसे लागत से भी कम मूल्य पर घर घर तक पहुंचाने का काम किया है। बड़ी बात है कि आज तक ग्रीता प्रेस के प्रबंधन ने कभी किसी से कोई पुरस्कार नहीं लिया और ना ही कभी किसी से कोई अनुदान लिया है। ऐसे सिद्धांतवादी प्रबंधन के लिए कांग्रेस की भाषा निराशाजनक है। क्या कांग्रेस के मन में देश की विरासत को संजोने वालों के प्रति कोई सम्मान नहीं है? क्या कांग्रेस केवल नेहरू परिवार को ही देश की विरासत मानती है? कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना कि 'गीता प्रेस को गांधी शांति सम्मान देना वीर सावरकर व नाथूराम गोडसे को सम्मान देने जैसा है', सरासर गीता प्रेस के राष्ट्रीय योगदान का अपमान करने जैसा है। गीता प्रेस के प्रबंधकों का बड़प्पन देखिए कि उन्होंने पुरस्कार के रूप में एक करोड़ रुपये की राशि नहीं लेने का फैसला किया है। गांधी परिवार समेत कांग्रेस का कोई भी नेता ऐसी उदारता दिखा सकता है? गोरखपुर स्थित धार्मिक ग्रंथों की विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था 'गीता प्रेस' की ओर से सोमवार को कहा गया है कि प्रतिष्ठित 'गांधी शांति पुरस्कार' मिलना सम्मान की बात है, लेकिन किसी प्रकार का दान स्वीकार नहीं करने के अपने सिद्धांत के अनुरूप प्रकाशन संस्था एक करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि को स्वीकार नहीं करेगी। प्रकाशन संस्था ने 'गांधी शांति पुरस्कार' के लिए चयनित होने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। वर्ष 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार भारत सरकार की ओर से गीता प्रेस को दिया जा रहा है। यह पुरस्कार 'अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान' के लिए प्रदान किया जाएगा। गीता प्रेस किसी भी प्रकार का दान स्वीकार नहीं करता है, वह उसका सिद्धांत है। हिंदू धार्मिक ग्रंथों और पुस्तकों का दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाशक 'गीता प्रेस' है। इसकी स्थापना वर्ष 1923 में सनातन धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए जयदयाल गोयनका और घनश्याम दास जालान ने की थी। प्रेस अब तक 93 करोड़ से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन कर चुका है और प्रेस का समस्त प्रकाशन कार्य गोरखपुर में होता है। गीता प्रेस 15 भाषाओं और 1,800 प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित करता है। कांग्रेस को अपनी राजनीति के लिए विषय चुनते वक्त अति सावधान रहने की जरूरत है। गांधी, आंबेडकर, पटेल, भगत आदि राष्ट्रीय नायकों पर किसी भी दल का पेटेंट नहीं है। गांधी खुद अपने को सनातनी कहते थे।



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# सिनेमा पर फिर विवाद

'द केरल स्टोरी' फिल्म पर मचा रार अभी थमा भी नहीं था कि दक्षिण भारतीय सुपर स्टार प्रभास और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'आदिपुरूष' एक बार फिर से विवादों के घेरे में है। पौराणिक महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित बनी इस फिल्म में भगवान श्रीराम, जानकी (सीता) और हनुमान के संवाद और परिधान पर दर्शकों, फिल्म समीक्षकों और हिंदू धर्म से जुड़े संगठनों की तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। राम की सियासी महिमा इतनी कि कांग्रेस और भाजपा दोनों इस फिल्म के प्रदर्शन को रोकने की मांग कर रहे हैं। लोग इस बात से भी आक्रोशित हैं फिल्म में रामायण की कहानी से ज्यादा एक्शन सीन है। दर्शकों के मुताबिक फिल्म में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण के लुक्स रामायण पर बनी अब तक किसी भी फिल्म और सीरियल्स से मेल नहीं खाते हैं। सोशल मीडिया में फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला काफी ट्रोल हो रहे हैं वहीं अनेक धार्मिक संगठनों ने फिल्म पर बैन लगाने की मांग की है। दिल्ली हाईकोर्ट में हिंदू सेना नामक संगठन ने फिल्म के अनेक सीन, संवाद और किरदारों को हटाने की मांग को लेकर याचिका दायर किया है। गौरतलब है कि सदियों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और रामायण न केवल भारत में अपितु दूसरे देशों के लोगों के भी आस्था के केंद्रबिंदु रहे हैं। दुनिया के अनेक देशों में रामायण पर रामलीला जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं। रामायण के पात्रों से देश और दुनिया के लोगों का भावनात्मक लगाव है लिहाजा आदिपुरूष को बैन करने की मांग को एकबारगी खारिज नहीं किया जा सकता। विचारणीय यह भी है कि आज की पीढ़ी जिन्होंने रामायण पढ़ी नहीं और न ही इस महाकाव्य के पात्रों से भलीभांति परिचित नहीं है आखिरकार वे इस अधकचरी फिल्म से रामायण और राम को कितना जान या समझ पाएंगे? अलबत्ता सिनेमा पर जारी हालिया विवाद और करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था को ठेंस पहुंचाने के लिए फिल्म से जुड़े लोग और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानि सेंसर बोर्ड भी जिम्मेदार है।

विचारणीय प्रश्न यह है कि फिल्म में प्रभु राम, सीता और हनुमान जैसे आस्था से जुड़े संवेदनशील पात्रों के अमर्यादित भाव-भंगिमा, वेशभूषा और संवाद अदायगी के प्रति रिलीज के पहले सतर्कता क्यों बरती नहीं गई? बहरहाल आदिपुरूष 'कपड़ा तेरे बाप का! जलेगी भी तेरे बाप की', 'तेरी बुआ का बगीचा है क्या जो हवा खाने चला आ गया', 'जो हमारे बहनों को हाथ लगाएगा उनकी लंका लगा देंगे' जैसे अनेक ओछे दर्जे के डायलॉग्स के कारण यह सिनेमा सियासी दलों, आम जनता और अनेक संगठनों के निशाने पर है। अलबत्ता फिल्म आदिपुरूष में एक्शन के नाम पर जो भी परोसा गया है वह कला और धार्मिक मान्यता के सर्वथा विपरीत है क्योंकि राम के चरित्र की तुलना आम मुंबईया फिल्मों के नायकों से कतई नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर नेपाल सरकार ने फिल्म में सीताजी की जन्मस्थली गलत बताने के कारण इसे अपने देश में बैन कर दिया गया है वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने भी फिल्म के संवादों और किरदारों के वेशभूषा पर आपत्ति जताते हुए इसे लोगों के धार्मिक भावनाओं पर ठेंस पहुंचाने वाली हरकत बताते हुए फिल्म को बैन करने की मंशा जाहिर की है। बहरहाल फिल्म के संवाद पर मचे बवाल के बाद लेखक मनोज मुंतशिर ने आपत्तिजनक संवादों को इस हफ्ते बदलने की बात कही है।



भारत में रामायण पर आजादी से पहले और आजादी के बाद अनेक फिल्में और टीवी सीरियल्स बने हैं जिसने अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल की थी। सिनेमा का इतिहास देखें तो साल 1943 में विजय भट्ट की 'ब्लैक एंड व्हाइट' फिल्म 'राम राज्य' बनी थी जो काफी हिट हुई थी इसे महात्मा गांधी ने भी देखा था। आजादी के बाद साल 1961 में बाबूभाई मिस्त्री द्वारा निर्देशित 'संपूर्ण रामायण' बनी यह भी काफी सफल रही। 1997 में 'लव कुश' बनी जिसमें सुप्रसिद्ध अभिनेता जितेंद्र ने राम और अभिनेत्री जयाप्रदा ने सीता तथा दारा सिंह ने हनुमान का रोल किया था। सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक रामानंद सागर के टीवी धारावाहिक 'रामायण' ने तो सफलता के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए। साल 1987 में बनी इस धारावाहिक के प्रति लोगों में आकर्षण इतना था कि चाहे वे किसी भी धर्म या मजहब के हों इस सीरियल के दौरान सबकुछ छोड़कर अपने टेलीविजन सेट के पास सिमट जाते थे। 'रामायण' के प्रसारण के समय सड़कें सुनसान हो जाती थीं, अनेक राज्य सरकारों ने अपने बिजली विभाग को निर्देश दे रखा था कि इस दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो। इस धारावाहिक ने अनेक लोगों के जीवन में काफी परिवर्तन आया और लोगों में धर्म के प्रति आसक्ति बढ़ी। आलम यह कि धारावाहिक में भगवान राम और सीता की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरूण गोविल और अभिनेत्री दीपिका चिखलिया में लोग राम और सीता की छवि देखते थे और उनके प्रति धार्मिक आस्था व्यक्त करते थे। हालांकि बाद में दोनों ने अपनी इस छवि को राजनीतिक तौर पर भी भुनाया है।

उल्लेखनीय है कि बीते दशकों में अयोध्या राममंदिर विवाद और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद करोड़ों लोगों के आस्था के विषय रहे प्रभु श्रीराम सियासत के केंद्र में आ गए। दशकों से आमलोगों के मन-मस्तिष्क में राम की छवि सौम्य, सरल और सहृदय के रूप में रही है लेकिन राममंदिर आंदोलन से जुड़े संगठनों ने उनकी छवि को बेहद आक्रामक और युद्धातुर के रूप में प्रस्तुत किया। इस आंदोलन से जुड़े प्रचार सामग्रियों के तस्वीरों और नारों में राम का प्रस्तुतिकरण उत्तेजनापूर्ण किया गया है जो राम के मर्यादा और व्यक्तित्व से सर्वथा विपरीत है। आज की चुनावी राजनीति में अमूमन सभी पार्टियां अपने आपको सबसे बड़े रामभक्त बताने से नहीं चुक रहे हैं लेकिन इस सियासत में सांप्रदायिक तनाव भी बढ़ रहा है। सियासत का आलम यह है कि उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों ने वोटबैंक की सियासत के चलते तुलसीदास रचित रामचरित मानस की एक दोहे का अपने अनुसार मतलब निकालकर इसकी प्रतियां जला दिया।

गौरतलब है कि भारतीय सिनेमा का स्वर्णिम इतिहास रहा है जिसने देश के आजादी के आंदोलन के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कालांतर में देश में अनेक धार्मिक फिल्में बनी है जिसने बॉक्स आफिस में कीर्तिमान स्थापित किया था। सत्तर के दशक में बनी 'जय संतोषी मां' ने देश के अनेक शहरों सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अतीत से लेकर आज तक भारतीय सिनेमा ने तकनीक के लिहाज से काफी विकास किया है जिसका प्रभाव आदिपुरूष में भी दिखाई दे रहा है लेकिन तकनीक के अंधाधुंध प्रयोग ने सिनेमा के कथानक पर ही सवालिया निशान लगा दिया है। सोशल मीडिया में अनेक यूजर्स अरबों रुपए की लागत से बनी फिल्म आदिपुरूष की तुलना महज कुछ करोड़ों में बनी रामानंद सागर की टीवी धारावाहिक रामायण से कर रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि पात्रों के संवाद अदायगी, कास्ट्यूम और फिल्मांकन तकनीक के मामले में रामायण के सामने आदिपुरूष कहीं भी नहीं ठहरती।

बीते कुछ सालों में सोशल मीडिया में चुनिंदा निर्माता, निर्देशक, अभिनेता या अभिनेत्री के फिल्मों के बायकॉट की मुहिम लगातार जारी है। दरअसल इस मुहिम के पीछे मुख्य वजह फिल्मी किरदारों या निर्देशकों के मजहब या राजनीतिक विचारधारा है। सिनेमा पर जारी विवाद के मद्देनजर हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि कला कभी राजनीतिक या सांप्रदायिक नहीं होती बल्कि सिनेमा उद्योग को आगे बढ़ाने में सभी धर्मों के कलाकारों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है।

विचारणीय है कि भारतीय समाज में बढ़ते खुलापन का असर अब सिनेमा पर भी दृष्टिगोचर हो रहा है। बॉलीवुड की फिल्मों में नग्नता, अश्लीलता, फूहड़ता, नशाखोरी और हिंसा के दृश्य अब आम हो चुका है फलस्वरूप अब यह पारिवारिक मनोरंजन का साधन नहीं रहा। सिनेमा के अधोपतन के लिए सिनेमा उद्योग से जुड़े लोगों के साथ सेंसर बोर्ड भी समान रूप से जवाबदेह है क्योंकि हाल के दिनों में बोर्ड सिनेमा के सामान पहलूओं को लगातार नजर अंदाज कर रहा है जिसका अदद उदाहरण आदिपुरूष भी है। बहरहाल सिनेमा पर विवाद या बहिष्कार की मुहिम को किसी भी लिहाज से वाजिब नहीं ठहराया जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सिनेमा से करोड़ों लोगों का रोजगार और देश को मिलने वाला भारी-भरकम टैक्स का भी मुद्दा जुड़ा है। सिनेमा मनोरंजन के साथ शिक्षा और अभिव्यक्ति का भी माध्यम है जो लोगों को मानवीय, संवेदनशील बनाती है और सामाजिक सरोकार के प्रति प्रेरित करती है। सिनेमा पर बेफजूल विवाद की जगह इसके कलात्मक पहलू और इसमें निहित संदेश को भी देखने की जरूरत है। आदिपुरूष पर जारी विवाद के मद्देनजर सरकार और फिल्म निर्माता की जवाबदेही है कि वह इस फिल्म के आपत्तिजनक संवाद और दृश्य को हटाकर प्रदर्शित करे ताकि राम और रामायण की मर्यादा पर आंच न आए। सिनेमा उद्योग से जुड़े लोगों से भी अपेक्षा है कि वह कला और कमाई के नाम पर दर्शकों को कुछ भी न परोसें ताकि सिनेमा की सार्थकता बची रहे।


योग पर विशेष

प्रभुनाथ शुक्ल




# योग से सेहतमंद दुनिया की तरफ बढ़ता कदम

भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है-'योगः कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थः कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।



योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। योग से सेहतमंद दुनिया का निर्माण संभव है।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## महिमा राम नाम की



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्तत था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतजार करता रहा।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### गर्मी और तूफान ने बरपाया कहर

देश के कई हिस्सों में जहां चक्रवाती तूफान ने तबाही मचाई हुई है, वही कुछ राज्यों में गर्मी अपना कहर बरपा रही है। हीट स्ट्रोक के कारण अब तक देश भर में एक सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जो लोग तूफान व गर्मी के कारण प्रभावित हुए हैं, उन लोगों को सरकार को मुआवजा देना चाहिए। साथ ही हर भारतीय को प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। अल नीनो के प्रभाव के कारण इस बार मानसून के दंगा देने की संभावना ज्यादा है। बारिश न होने से अनाज की पैदावार प्रभावित हो सकती है जिसके चलते इस बार अकाल की स्थिति बनती दिख रही है। सरकार को समय रहते इस और ध्यान देकर उचित कदम उठाने चाहिए ताकि अनाज की कमी का सामना न करना पड़े। *– प्रवीण कुमार शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर


### यूएई व कतर ने एक-दूसरे के यहां खोले दूतावास



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर ने एक-दूसरे के यहां अपने दूतावास फिर से खोलने की घोषणा की है। कतर की ओर से इस्लामिक समूहों का समर्थन किए जाने को लेकर दोनों देशों के बीच रिश्ते कई वर्षों से तनावपूर्ण थे। दोनों देशों ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि अबू धाबी में कतर के दूतावास जबकि दुबई में कतर के वाणिज्य दूतावास के अलावा दोहा में यूएई के दूतावास ने काम करना शुरू कर दिया है। बयान में यह नहीं कहा गया है कि क्या इन दूतावासों में राजदूत हैं या नहीं। कतर ने कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने राजनयिक मिशनों को फिर से खोलने पर एक-दूसरे को बधाई देने के लिए फोन पर बात की। पश्चिम एशिया में इस्लामिक समूहों के समर्थन को लेकर यूएई, सऊदी अरब, बहरीन और मिस्र ने 2017 में कतर के बहिष्कार और आर्थिक नाकाबंदी की घोषणा की थी। सामान्य रूप से मित्रतापूर्ण संबंध रखने वाले खाड़ी के अरब देशों के बीच अभूतपूर्व राजनयिक संकट ने शुरू में सशस्त्र संघर्ष की आशंकाओं को जन्म दिया था लेकिन, कतर की गैस सम्पदा और तुर्की तथा ईरान के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों ने इसे आर्थिक प्रतिबंधों से काफी हद तक बचा लिया था।

## ऑफ बीट

### एआई आर्किटेक्ट्स के लिए मददगार



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने हाल के वर्षों में कई अलग-अलग उद्योगों में क्रांति ला दी है। इसने चैटजीपीटी के लांच के साथ बहुत अधिक तवज्जो और लोकप्रियता प्राप्त की, जो कविता लिखने, समीकरणों को हल करने और विभिन्न विषयों पर लेख बनाने में सक्षम उपकरण है। विभिन्न क्षेत्रों में एआई के तेजी से कार्यान्वयन के साथ, क्या यह जल्द ही आर्किटेक्ट और आर्किटेक्चर स्कूलों का स्थान ले लेगा? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए, हमें एआई की क्षमताओं और आर्किटेक्ट्स और आर्किटेक्चर स्कूलों की भूमिका को समझने की जरूरत है। वास्तु शिक्षा जबकि एआई के आसपास के विषय और अनुसंधान तेजी से विकसित हो रहे हैं, एआई में कुछ गुणों और विशेषताओं का अभाव है जो आर्किटेक्ट आर्किटेक्चर स्कूल में अध्ययन के साथ हासिल करते हैं। इसके मूल में, आर्किटेक्ट तकनीकी ज्ञान, कला, सौंदर्यशास्त्र, भावनाओं और अन्य विशेषताओं को संयोजित करने के लिए विभिन्न कौशल का उपयोग करना सीखते हैं। आर्किटेक्चर स्कूल अपने छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं ताकि वे अपने व्यक्तिगत अनुभवों, डिजाइन शैलियों और अन्य कारकों के आधार पर समाधान के साथ कुछ डिजाइन समस्याओं का जवाब दे सकें।

## ट्रेंड

### द्विपक्षीय रक्षा सहयोग



वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग इस साझेदारी के सबसे मजबूत घटकों में से एक है। -द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### लू के चलते मौतें



यूपी के अलग-अलग जिलों में भीषण गर्मी और लू के चलते 100 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। अकेले बलिया में 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इससे पता चलता है कि दावों के बावजूद प्रदेश में गर्मी एवं लू की मार से निपटने के लिए सुविधाएं नहीं हैं। -प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेत्री

### चिंतन-ध्यान करें



इस विद्रूप-विमर्श को देख-सुन कर मन आहत है। मुझे प्रेम करने वाले मुझे इस परम-कीच में न खींचे। इस व्यावसायिक विष का उपचार केवल यही है कि हम सब लोकमंगलकारी, सर्वहितकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम राघवेंद्र राम के मनहर गुणों व स्वरूप का चिंतन-ध्यान व प्रसारण करें। -कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

### उम्मीदवारों के साथ



आईएएस उम्मीदवारों को मुफ्त कोचिंग का समर्थन कर रहा हूं। हाल ही में आयोजित यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के सीएसएटी (पेपर II) में कई प्रश्न थे, जो पाठ्यक्रम से बाहर थे और हिंदी में अनुवाद त्रुटियां थीं। मैं पीड़ित उम्मीदवारों के साथ खड़ा हूं। -सोनू सूद, अभिनेता

वर्ष : 10 > अंक : 01
R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746
मीडिया दृष्टिकोण
मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08
website: www.hsnews.in
# हिलव्यू समाचार
10 वां स्थापना दिवस
साप्ताहिक समाचार पत्र
जयपुर, बुधवार, 21 जून 2023



## माता वैष्णो देवी पंचवटी सर्कल पर आठ दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

### मंगलवार को पाटोत्सव एवं बुधवार को हुआ विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। पंचवटी सर्कल माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में मां वैष्णो देवी के आठ दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

**मंगलवार को** राजापार्क पंचवटी सर्किल स्थित माँ वैष्णो देवी मंदिर में माँ वैष्णो देवी के आठ दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के अध्यक्ष सुभाष भाटिया और महामंत्री अश्वनी बक्शी ने बताया कि सबसे पहले माता की ज्योति हरद्वारी लाल ,विशाल बंसल ,उमेश बत्रा सुरेश अग्रवाल, कुंदन पठानी और चंद्रपाल बग्गा ने प्रज्जवलित की। समिति के उपसचिव कमलेश आसुदानी ने बताया कि सुबह मातारानी का अभिषेक करने के बाद नवीन लहंगा चुनरी धारण



कराया गया ।मंदिर प्रांगण में स्थित हनुमान जी को भी नवीन वस्त्र धारण करा श्रृंगार किया गया ।माता के दरबार को मोगरे के फूल बंगले से सजाया गया था ।केवड़े और खस के इत्र की खुशबू से मंदिर प्रांगण महक उठा था । उपाध्यक्ष घनश्याम आहूजा ने बताया कि अमृतसर से आए सुप्रसिद्ध गायक अतुल दर्शी ने जागरण में माता की मधुर भेंटे गा कर समा बांध दिया ।। चांदी की टकसाल के महंत गोपाल दास जी महाराज ने महाआरती की। माता को भोग लगा छोले और हलूए का प्रसाद वितरित किया गया। इंद्रजीत शर्मा, योगेश खुराना , संजय भाटिया, सुधीर दीवान, नरेंद्र भाटिया, गुलशन मक्कड़, टीकम आसुदानी ने व्यवस्थाएं संभाली। दिनभर भक्तों ने माता को पुष्पमाला, नारियल, मिठाई और चुनरी चढ़ाई ।

**बुधवार को** माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में माँ वैष्णो देवी मंदिर के आठ दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम का समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। उप सचिव कमलेश आसुदानी ने बताया कि माता रानी को पूरी, चपाती,चावल, छोले ,मिक्स साग, दूध की बूंदी , भजिए का भोग लगाया गया ।माता जी को भोग लगाने के बाद पंगत प्रसादी आरंभ हुई। हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। प्रचार सचिव इंद्रजीत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां वैष्णो देवी,हनुमान जी के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर की गई । भंडार सचिव सुधीर दीवान ने बताया कि मोती लाल एंड पार्टी ने भक्ति संगीत की सरिता बहाई। सुभाष भाटिया, घनश्याम आहूजा, विकास भाटिया, योगेश खुराना, नरेश भाटिया, राज भाटिया, नरेंद्र भाटिया, मुकेश, भोला, संजना अग्रवाल, वीना पोपली, रवीना आशुदानी, डॉली शर्मा, दिव्या शर्मा आदि ने व्यवस्थाएं संभाली। मंदिर सेवायत पंडित मदन लाल, पंडित रमेश शर्मा, पंडित मुकेश शर्मा, पंडित सत्यनारायण शर्मा का सेवा समिति के सुभाष भाटिया ने दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मानित किया। मंदिर सेवादार बाबूलाल और रेवड़ मल सहित अन्य कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

### ब्रह्माकुमारी अर्जुन नगर सेंटर ने पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

## जल, वायु एवं मृदा संरक्षण का लिया संकल्प




**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। पर्यावरण दिवस पर अर्जुन नगर सेक्टर के भाई बहनों ने गार्डन में पौधारोपण किया ।सेंटर की पदमा दीदी,भावना दीदी,सुप्रिया दीदी एवं वि.विनायक ग्राम भारती शिक्षा एवं पर्यावरण संस्था के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी लाल मीणा द्वारा जल,वायु एवं मृदा की सुरक्षा के बारे में विचार व्यक्त किए गए और इस पर सभी ने इनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया की जलवायु एवं पर्यावरण की संपूर्ण सुरक्षा करेंगे।ब्रह्मकुमारी सेंटर जयपुर के समस्त सदस्य भी इसमें मौजूद रहे।



## आचार्य सौरभ राघवेंद्रदास महाराज संत गौरव अवॉर्ड 2023 सम्मान से सम्मानित

### राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर के न्यायाधीश माननीय मनोज गर्ग जी ने संत गौरव अवार्ड 2023 से महाराज का किया सम्मान

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। सीता ज्योतिष शोध संस्थान जोधपुर के निर्देशक ज्योतिषाचार्य पंडित एसके जोशी प्रश्न कुंडली विशेषज्ञ द्वारा जोधपुर में 151 ज्योतिष एवं वास्तु विद्वजनों का सम्मान समारोह रघुनाथ धाम के पीठाधीश्वर आचार्य सौरभ राघवेंद्र दास महाराज के सानिध्य एवं राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के माननीय न्यायाधीश महोदय मनोज गर्ग जी की अध्यक्षता में जोधपुर शहर के एक निजी होटल के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को रघुनाथ धाम के पीठाधीश्वर आचार्य सौरभ राघवेंद्र दास जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आचार्य सौरभ राघवेंद्र दास जी महाराज को ज्योतिष एवं तंत्र मंत्र यंत्र (प्राच्य विद्याओं) पर उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधीश माननीय मनोज गर्ग एवं जोधपुर राजघराने की पूर्व महारानी ने आचार्य सौरभ राघवेंद्र दास जी महाराज को शॉल ओढ़ाकर संस्था का प्रतीक चिन्ह भेंट कर (सन्त गौरव अवार्ड 2023) सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधीश मनोज गर्ग, विशेष अतिथि ज्योतिषाचार्य डॉ एच एस रावत, ज्योतिषाचार्य डॉ मानवेंद्र सिंह, कर्मकांड स्पेशलिस्ट पंडित विमल पारीक, तंत्र आचार्य मुकेश भाई गुजरात,ज्योतिषाचार्य ईशानी पटेल, ज्योतिषाचार्य पूजा शर्मा, ज्योतिषाचार्य अनीता कपूर अमेरिका,सहित कई विद्वत जन कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा ज्योतिष एवं तंत्र मंत्र यंत्र विषय के क्षेत्रों में अलग-अलग विशेष शोध प्रस्तुत करने वाले 101 विद्वान लोगों का सम्मान किया गया।

### न्यू सांगानेर रोड का मामला

## जेडीए 150 फीट की सड़क को 200 फीट करने पर अड़ा

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के मानसरोवर के न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई 200 फीट बढ़ाने के आदेश के विरोध में स्थानीय व्यापारी लामबंद हो गए हैं। इसके विरोध में स्थानीय व्यापार मण्डल के तत्वावधान में 800 से ज्यादा दुकानदार शनिवार को कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज के कार्यालय पर पहुंच गए और वहां पर धरना दे दिया।व्यापारियों का कहना है कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) अपनी मनमानी से सड़क का विस्तार कर रहा है, जबकि न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई बढ़ाने की जरूरत नहीं है। इस संबंध



में जेडीए ने हाइकोर्ट में भ्रामक स्थिति पैदा कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि सड़क की चौड़ाई वर्तमान में 150 फीट है, जबकि इसकी चौड़ाई बढ़ाने पर न्यू सांगानेर रोड पर स्थित 800 से अधिक दुकानें टूट जाएंगी।



## जयपुर विकास प्राधिकरण

### जयपुर शहर के मध्य में (एम.आई.रोड़) भूखण्ड खरीदने का स्वर्णिम अवसर




### ई-नीलामी

**विधायक आवास योजना, जालूपुरा, एम.आई.रोड़, जयपुर**
**मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड**




| सम्पत्ति का विवरण | क्षेत्रफल का (वर्ग मीटर) | मानक बी.ए.आर/एफ.ए.आर. अधिकतम ऊंचाई (मीटर) अधिकतम भू-आच्छादित क्षेत्र | अमानत राशि (रुपये) | बोली प्रारम्भ करने की दर (प्रति वर्ग मीटर) (रुपये) | अमानत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | नीलामी की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 5 (कॉर्नर) | 768.54 | नियमानुसार | 32,27,870.00 | 2,10,000 | 04.07.2023 11:00 AM | 05.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 2 | 769.32 | नियमानुसार | 30,77,280.00 | 2,00,000 | 06.07.2023 11:00 AM | 07.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 18 (कॉर्नर) | 771.77 | नियमानुसार | 33,18,620.00 | 2,15,000 | 07.07.2023 11:00 AM | 10.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 14 (कॉर्नर) | 702.33 | नियमानुसार | 31,60,490.00 | 2,25,000 | 11.07.2023 11:00 AM | 12.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 4 | 768.98 | नियमानुसार | 30,75,920.00 | 2,00,000 | 13.07.2023 11:00 AM | 14.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 19 | 756.34 | नियमानुसार | 27,22,830.00 | 1,80,000 | 14.07.2023 11:00 AM | 17.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 7 | 836.00 | नियमानुसार | 33,44,000.00 | 2,00,000 | 18.07.2023 11:00 AM | 19.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 20 | 756.50 | नियमानुसार | 27,23,400.00 | 1,80,000 | 20.07.2023 11:00 AM | 21.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 8 | 842.50 | नियमानुसार | 33,70,000.00 | 2,00,000 | 21.07.2023 11:00 AM | 24.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 15 | 760.39 | नियमानुसार | 30,41,560.00 | 2,00,000 | 25.07.2023 11:00 AM | 26.07.2023 12:30 PM |
| मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड सं. 10 | 854.80 | नियमानुसार | 34,19,200.00 | 2,00,000 | 27.07.2023 11:00 AM | 28.07.2023 12:30 PM |

राज. संवाद

**विधायक आवास योजना, जालूपुरा, एम.आई.रोड़, जयपुर, ग्राम हथरोई, ख. सं. 331/1, 333, 334/1, 340/1, 340/2, 340/3, 340/4 में मिश्रित भू-उपयोग भूखण्डों की ई-नीलामी।**

**बिड एक्सटेंशन :** बिड लगाने का समय 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा (बिड्स लगातार प्राप्त होने तक असीमित समय) यदि दिए गए समय के भीतर कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो बिड स्वचालित रूप से बंद हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया जेडीए की वेबसाइट **www.jda.rajasthan.gov.in** पर दिए ई-नीलामी लिंक पर लॉग ऑन करें या अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें ओएसडी (आरएएम) (0141-2570678, 2569696 Ex. 7021, 7226, 1128 मो. 9462569696) रेरा ख. रजिस्ट्रेशन सं. 331/1, 333, 334/1, 340/1, 340/2, 340/3, 340/4 जयपुर **रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2417.** ग्राम हथरोई, विधायक आवास स्कीम, जालूपुरा, एम.आई. रोड़, जयपुर

भूखण्ड के बारे में अधिक जानकारी के लिए कॉल करें। **+91 9462 569 696** | रेरा वेबसाइट http://rera.rajasthan.gov.in | नीलामी के नियम व शर्तों के लिए जेडीए की वेबसाइट देखें: **www.jda.rajasthan.gov.in**

**इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004**

## एक नज़र

सरकार का बड़ा फैसला

# 'अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' के लिए जिला स्तर पर होगी खरीद



हिलव्यू समाचार

**जयपुर**। अपनी महत्वाकांक्षी 'अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' के लिए सामान खरीद में देरी और विवाद के बीच राजस्थान सरकार ने इस योजना का काम जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता वाली जनपद स्तरीय समितियों से करवाने का फैसला किया है। ये समितियां योजना के लिए सामान खरीदकर उन्हें खाद्यान्न पैकेट के रूप में लाभार्थियों में वितरित करेंगी।

उल्लेखनीय है कि सामान खरीदने का काम पहले सहकारिता विभाग को दिया गया था, लेकिन निविदा प्रक्रिया में देरी होने के कारण अब जिला कलेक्टरों की देखरेख में यह कार्य कराने का निर्णय लिया गया है। योजना से जुड़ा काम विवादों में घिर गया था। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी अपने विभाग का (यह) काम सहकारिता विभाग को सौंपने पर नाराजगी जताई थी। जानकारी के अनुसार सरकार ने फैसला किया है कि सामान की खरीद और किट बांटने का काम जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों की तरफ से किया जाएगा ताकि योजना जल्द शुरू की जा सके और लोगों को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री गहलोत ने 2023-24 के बजट में, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के दायरे में आने वाले लगभग एक करोड़ परिवारों के लिए मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना की घोषणा की थी। योजना की लागत लगभग 3000 करोड़ रुपए है।

### क्या होगा पैकेट में

योजना के प्रत्येक पैकेट में चना दाल, चीनी, नमक (एक-एक किलो), खाद्य तेल (एक लीटर), मिर्ची पाउडर और धनिया पाउडर (100-100 ग्राम) और हल्दी पाउडर 50 ग्राम होगा। लाभार्थियों को लगभग 370 रुपए प्रति पैकेट (सभी व्ययों सहित) की लागत से फूड पैकेट आपूर्ति करने पर लगभग 392 करोड़ रुपए मासिक व्यय होगा। राज्य में चल रहे महंगाई राहत शिविर में इस योजना के लाभार्थियों का भी पंजीकरण किया जा रहा है। यह योजना मुख्यमंत्री गहलोत के 19000 करोड़ रुपए के महंगाई राहत पैकेज का एक हिस्सा है, जिसकी घोषणा उन्होंने जनता को महंगाई के बोझ से राहत दिलाने के लिए की थी।

## टाइगर रिजर्व में अवकाश पर पुनर्विचार की मांग

हिलव्यू समाचार

**जयपुर**।राजसमंद सांसद और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अर्थॉरिटी (एनटीसीए) की सदस्य दीया कुमारी ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखा हैं। इमसें देश के टाइगर रिजर्व में 1 जुलाई से साप्ताहिक अवकाश के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। सांसद दीया ने पत्र में कहा कि देश के टाइगर पार्क मानसून के दिनों में 92 दिन तक बंद रहते हैं और अतिरिक्त 52 साप्ताहिक अवकाश पर्यटकों के लिए रिजर्व में जाने के लिए उपलब्ध दिनों की संख्या को काफी कम कर देंगे। दीया कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले मीडिया में उनके नाम से खबरें प्रकाशित हुई थी, जिसमें लिखा था कि उन्होंने साप्ताहिक अवकाश की मांग की थी, जो कि सही नहीं है।



## धार्मिक पर्यटन के लिए 13.48 करोड़ मंजूर

हिलव्यू समाचार

**जयपुर**।सरकार ने नागौर और जैसलमेर सहित कई जगह धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 13.48 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिनसे यात्री सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सीएम अशोक गहलोत ने नागौर, जैसलमेर तथा अलवर के धार्मिक स्थलों पर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 13.48 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसके तहत नागौर जिले में बुटाटी में 3.10 करोड़ रुपए, घाटवेश्वर महादेव मंदिर में 1.65 करोड़ रुपए, हरमल दास जी महाराज मंदिर में 1.61 करोड़ रुपए तथा दरगाह हजरत सम्मन बड़ी खाटू में 1.36 करोड़ रुपए सहित कुल 7.74 करोड़ रुपए के विभिन्न पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे।

# सीएम अशोक गहलोत ने पूरी की कैंसर पीड़ित बच्चे की विश, बर्थ डे पर मिलने पहुंचे

हिलव्यू समाचार

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को जयपुर के जेकेलोन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती 5 वर्षीय कैंसर पीड़ित दिव्यांशु को उसके जन्मदिन का गिफ्ट दिया। सीएम गहलोत पहले तो उससे मिले और फिर उसकी कुशलक्षेम पूछी। हालांकि, इस दौरान वह बच्चे और उनके परिजनों की हौसला आफजाई करते नजर आए।

इस दौरान मुख्यमंत्री अपने जज्बात नहीं रोक पाए और भावुक हो गए। सीएम ने अस्पताल के चिकित्सकों को दिव्यांशु की उचित देखभाल करने के दिशा-निर्देश दिए और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गहलोत ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। अस्पताल से आने के बाद सीएम गहलोत ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर बच्चे की फोटो शेयर की और लिखा- 'सीकर दौरे पर मुझे दिव्यांशु का एक भावुक पत्र मिला था। इस पत्र में कैंसर पीड़ित बालक दिव्यांशु ने अपनी भावनाएं लिखीं थीं और मेरे साथ जन्मदिन मनाने की इच्छा जाहिर की। बेटे दिव्यांशु की जन्मदिन हमारे साथ मनाने की सद्भावना व निश्छल स्नेह के अनुपम उपहार के आगे किसी अन्य उपहार की तुलना नहीं की जा सकती है। इसलिए जेके लोन हॉस्पिटल जाकर दिव्यांशु से उनके जन्मदिन पर मुलाकात की। दिव्यांशु का सम्पूर्ण इलाज सरकार जिम्मेदारी से कराएगी। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं आपको, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं आप सब भी दिव्यांशु के लिए दुआ कीजिए।'




### CM बोले... सबके लिए उठे हाथ

सीएम गहलोत बच्चे से मिलने के बाद बोले कि कोरोना में सबने अहम भूमिका निभाई। एनजीओ, नर्सेज ने काफी लोगों की जान बचाई। हमने लाखों लोगों की आर्थिक सहायता दी और जिनके काम धंधे बंद हुए उनकी भी सरकार ने मदद की।

### बच्चों ने भेंट किए गुलाब के फूल

सीएम जब खंडेला गए थे बच्चे के पिता उनसे मिले थे। उन्होंने कहा था कि उनका बेटा एक बार उनसे मिलना चाहता है। इसके बाद जब सीएम को पत्र मिला तो दिव्यांशु के जन्मदिन के मौके पर वह उससे मिलने जेके लोन अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बच्चे के परिजनों को भरोसा दिलाया कि सरकार हरसंभव चिकित्सा उपचार और मदद करेगी। इस दौरान जेके लोन अस्पताल में कई मरीजों के परिजन भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने पहुंचे। कुछ बच्चों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को फादर्स-डे पर गुलाब के फूल भी भेंट किए।

**14 आईपीएस और 6 आईएएस के तबादले**

# प्रदेश में 15 नए जिलों के बाद अब 3 नए संभागों के गठन की तैयारी

हिलव्यू समाचार

**जयपुर**। प्रदेश सरकार ने 15 नए जिलों को अस्तित्व में लाने की तैयारी के बाद अब 3 नए संभाग बनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत कार्मिक विभाग ने 14 आईपीएस और 6 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। तीन आईएएस अधिकारियों को नए संभाग के विशेषाधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। सीएम अशोक गहलोत की घोषणा के अनुसार सरकार पाली, बांसवाड़ा, सीकर को नए संभाग बनाने की तैयारी कर रही है। इसी के लिए इन संभागों में ओएसडी लगाए गए हैं। इन संभागों में नए पुलिस रेंज कार्यालय के लिए तीन आईपीएस को ओएसडी लगाया है।

आईपीएस एचजी राघवेन्द्र सुहासा को ओएसडी पाली, एस. परिमाला ओएसडी बांसवाड़ा और सत्येन्द्र सिंह को ओएसडी पुलिस सीकर लगाया है। आईएएस डॉ. मोहन लाल यादव को सीकर के ओएसडी पद पर तो जोधपुर के आयुक्त कैलाश चंद मीणा को पाली व उदयपुर संभागीय आयुक्त, राजेंद्र भट्ट को बांसवाड़ा के ओएसडी का अतिरिक्त चार्ज दिया है।



### एपीओ चल रहीं आरुषि अजेय मलिक को मिली पोस्टिंग

एपीओ चल रही आरुषि अजेय मलिक को शासन सचिव एवं आयुक्त बाल अधिकारिता विभाग और एच गुईटे को आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव निशक्तजन के पद पर पोस्टिंग दी है। वहीं श्रुति भारद्वाज को राज्य परियोजना निदेशक, एसएमएसए राजस्थान शिक्षा परिषद एवं आयुक्त स्कूल शिक्षा, अवधेश मीणा, संयुक्त शासन सचिव गृह विभाग और उत्साह चौधरी का अति.आयुक्त वाणिज्य कर विभाग में तबादला किया गया है।

### वीके सिंह का फिर से तबादला

आईपीएस संजीव नैन और वंदिता राणा को एक्सचेंज किया है। एडीजी वीके सिंह को अब एडीजी टेलिकम्युनिकेशन लगाया है। इनसे साइबर क्राइम का जिम्मा हटाया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरव श्रीवास्तव को आईजी कानून एवं व्यवस्था का जिम्मा दिया है। आईएएस भानुप्रकाश एटूरू को शासन सचिव आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति व शासन सचिव गृह का कार्य भार सौंपा है।

### सस्पेंड IPS सुशील की जगह देवेन्द्र ओएसडी गंगापुर सिटी

एडीजी मालिनी अग्रवाल, पुलिस प्रशिक्षण, सचिन मित्तल, एडीजी भर्ती बोर्ड व साइबर क्राइम, एडीजी वीके सिंह, टेलीकम्युनिकेशन एंड टेक्निकल, गौरव श्रीवास्तव, आईजी कानून व्यवस्था, राजेन्द्र सिंह, आईजी आरएसी जयपुर, समीर कुमार सिंह, प्राचार्य पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र किशनगढ़ (अजमेर), संजीव नैन को डीसीपी वेस्ट जयपुर कमिश्नरेट, वंदिता राणा एसपी दौसा लगाया है। नए जिलों के 3 ओएसडी बदले हैं। इनमें आईपीएस राजेन्द्र कुमार को ओएसडी अनूपगढ़ और पूजा आवाना को ओएसडी दूदू लगाया गया है। अजमेर मारपीट की घटना के बाद विवादों में आए आईपीएस सुशील कुमार की जगह देवेन्द्र कुमार विश्नोई को ओएसडी लगाया गया है।

# 400 होटल सर्च कर पकड़ा ईनामी तस्कर


**मोस्ट वांटेड की तलाश में जयपुर से शिरडी पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम**



**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। हत्या, लूट व डकैती सहित 40 से अधिक मामलों में मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा को सीआईडी सीबी ने शिरडी से गिरफ्तार कर लिया। जयपुर से शिरडी पहुंची क्राइम ब्रांच की 6 टीमों ने साईं बाबा के मंदिर के आस-पास में करीब 400 होटल में सर्च किया और एक इनपुट के आधार पर राणा के साथ उसके 4 अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। राणा पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार का तो एमपी पुलिस से 20 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में तस्करी व अन्य आपराधिक मामलों में फरार चल रहे मोस्ट वांटेड तस्कर राणा की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। हमें इसके महाराष्ट्र के शिरडी में छिपे होने की सूचना मिली थी, जिस पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार व आशाराम चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मंदिर के आस-पास स्थित करीब 8 हजार होटल्स में से 400 को होटलों को चिह्नित कर सर्च किया। इसमें पुलिस ने तकनीक व जानकारी के आधार पर होटल में रुकने वाले ऐसे लोगों को सर्च किया, जो एक साथ 5 की संख्या में रुके हों और उनके साथ कोई महिला नहीं हो। इसी एक इनपुट के आधार पर फर्जी आईडी से रुके होने के बावजूद भी राणा पकड़ा गया। इसमें अहमदनगर एसपी राकेश ओला क्राइम ब्रांच के हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल कमल डागर की विशेष भूमिका रही।

**CM ने दी प्रस्ताव को मंजूरी... अति. निदेशक का होगा नया पद**

# हस्तशिल्पियों व बुनकर उत्थान के लिए जोधपुर में खुलेगा निदेशालय



हिलव्यू समाचार

**जोधपुर**। राज्य के शिल्पकारों तथा बुनकरों के उत्थान के लिए जोधपुर में हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय खोला जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त इस हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय के पदेन निदेशक होंगे। निदेशालय के लिए अतिरिक्त निदेशक उद्योग एवं वाणिज्य का एक नवीन पद सृजित किया जाएगा। निदेशालय के मार्केटिंग, ई-कॉमर्स एवं डिजाइन एक्सपर्ट के कार्यों के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा सकेंगी।

निदेशालय के लिए अन्य अधिकारी-कर्मचारी उद्योग एवं वाणिज्य विभाग से पदस्थापित किए जाएंगे। निदेशालय का मुख्य कार्य राज्य के हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र का विकास करना होगा। यह निदेशालय राज्य के शिल्पियों एवं बुनकरों के उत्थान के लिए कार्य करेगा। इसके परिणामस्वरूप राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ-साथ निर्यात में भी वृद्धि होगी।

साथ ही, निदेशालय हस्तशिल्प नीति-2022 के अनुसार विभिन्न कार्य भी करेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने 21 मार्च, 2023 को राजस्थान इन्टरनेशनल एक्सपो के उद्घाटन समारोह में इस निदेशालय को जोधपुर में खोले जाने की घोषणा की थी।

**मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के आश्वासन पर माना**

# अनुकंपा नियुक्ति के लिए टंकी पर चढ़ा युवक

हिलव्यू समाचार


**भरतपुर**। शहर में शनिवार को एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और पुलिस व उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टंकी के नीचे जाल लगवाया। वहीं अधिकारी युवक से पांच घंटे तक समझाइश करते रहे, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। दरअसल युवक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने से खफा था।

इसको लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक युके युवक ने टंकी पर चढ़ने का कदम उठाया। बाद में पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह की अपील पर युवक टंकी से नीचे उतारा और मंत्री के पैर पकड़ लिए। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पर्यटन मंत्री ने पूरी स्थिति के बारे में पता किया। इसके बाद आखिर में मंत्री विश्वेंद्र सिंह के आश्वासन देने के बाद युवक पानी की टंकी से नीचे उतरा।

जानकारी के अनुसार जिले के कुम्हेर क्षेत्र के पैंगोर के लखन का नगला निवासी युवक राधेश्याम शहर की अनाज मंडी स्थित पानी की टंकी पर जा चढ़ा था। युवक की मांग थी कि उसे उसके मृतक पिता के स्थान पर नौकरी दी जाए। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अप्रिय घटना से बचने के लिए तुरंत पानी की टंकी के नीचे जाल लगवाया गया। पुलिस अधिकारी करीब 5 घंटे तक युवक को समझाने में जुटे रहे, लेकिन युवक ने एक न मानी और टंकी पर ही बैठा रहा। आखिर में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और युवक को आश्वासन दिया तब जाकर युवक नीचे उतरा। कलेक्टर ने युवक की अनुकंपा नियुक्ति के लिए सरकार को पत्र भेजा है।



### इच्छामृत्य के लिए राष्ट्रपति को लिख चुका है पत्र, कई बार कर चुका धरना प्रदर्शन



पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए युवक राधेश्याम काफी समय तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते-लगाते थक हारकर बुरी तरह निराश हो गया था। तमाम कोशिशों के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने पर राधेश्याम ने मार्च 2023 में राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छामृत्यु की मांग भी कर डाली थी। इसके अलावा युवक कई बार धरना-प्रदर्शन भी कर चुका है। कुम्हेर के पैंगोर के लखन का नगला निवासी युवक राधेश्याम के पिता जवाहर सिंह सीआरपीएफ की 114 बटालियन में तैनात थे। रांची से नीमच में फील्ड ऑपरेशन में जाते समय उनका देहांत हो गया। युवक राधेश्याम पिछले तीन साल से अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर कई बार अधिकारियों से मिला भी था। इसके बावजूद उसे नौकरी नहीं मिली।

### तीन साल से काट रहा मंत्री विधायकों के चक्कर

राधेश्याम ने बताया कि वह इन तीन साल में कई मंत्रियों, विधायकों, जन सुनवाई कार्यक्रमों, जनता दरबारों में जाकर गुहार लगा चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान उसे कहा गया कि गृहमंत्री नियमों में शिथिलता देंगे तो नौकरी मिलेगी। 8 दिन पहले राधेश्याम ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग करते हुए जिला कलेक्ट्रेट के बाहर धरना भी दिया था, लेकिन तब भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद से वह परेशान था। शनिवार को सुबह 7 बजे वह घर से निकलकर सरसों मंडी स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया और 5 घंटे तक वहीं बैठा रहा। राधेश्याम ने बताया कि पिता के निधन के बाद मां ने कई मुसीबतें झेलकर पाला। उम्मीद थी कि सेना में नौकरी लगेगी तो गुजारा होगा। लेकिन सेना से निराशा हाथ लगने के बाद राज्य सरकार ने भी निराश किया। अब कैबिनेट मंत्री ने मौखिक आश्वासन दिया है।

# हिलव्यू समाचार के चर्चित साक्षात्कार


हिलव्यू समाचार

जो अपने फन से समाज की खिदमत करे, वो ही सबसे बड़ा फनकार: हुसैन बंधु

बंद से नुकसान तो सिर्फ जनता का है


हिलव्यू समाचार

वो छूते हैं 'सपनों' का आकाश

'परिचय व साक्षात्कार'

क्या बलात्कारियों को जीने का हक है?


हिलव्यू समाचार

इरफ़ान व ऋषि


हिलव्यू समाचार

सपने समर्पण माँगते हैं जयनीरज राजपुरोहित

'26 जनवरी' देश का पहला स्वतंत्रता दिवस'

देशभक्ति के गीतों से सजा 'जन-गण-मन' जेलीस

राम एक ऐतिहासिक यथार्थ है और रामसेतु भी: कोहली


हिलव्यू समाचार

प्रवासी मज़दूर...देश की कमज़ोरी या देश की ताक़त?


वर्षः 2 अंकः 14 R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746 जयपुर, सोमवार 28 सितंबर 2015 मूल्य 5 रुपए 4 पेज

शिखर दृष्टि जीवन की

हिलव्यू समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

सिद्धांतों पर धूल... देश गया भूल...

मैं टोपी नहीं पहनता

तुषार गांधी

लाल डायरी का रहस्य?

मौसम ने महकाया अजमेर में हिन्दी साहित्य का मेला


हिलव्यू समाचार

राजनीति में स्त्री की बराबर की भूमिका देश को नई और सशक्त दिशा देगी: डॉ. स्नेहलता भारद्वाज

इस युग में स्त्री की आज़ादी उनकी अपनी दृष्टि में कितनी नकारात्मक है और कितनी सकारात्मक?


हिलव्यू समाचार

हिलव्यू इंटरनेशनल स्कूल छबड़ा के बच्चों ने जयपुर में जमाई धाक


हिलव्यू समाचार

एक मासूम मुस्कान....अलविदा

सुशांत सिंह राजपूत... नेपोटिज़्म या सोशल डिस्टेंसिंग का शिकार

जीवन है अनमोल...


हिलव्यू समाचार

के.सी. मालू ने दिलाया अपनी माटी को सम्मान


हिलव्यू समाचार

कोरोना का रेपिड टेस्ट करने वाला राजस्थान पहला राज्य

लॉकडाउन और हम


हिलव्यू समाचार

केंद्र सरकार द्वारा 10 बड़े राज्यों के तुलनात्मक अध्ययन में राजस्थान बना अव्वल

'उच्च शिक्षा की हर प्रक्रिया ऑनलाइन हो'

जान है तो जहान है...


हिलव्यू समाचार

संघर्ष की ज़मीं से ख्वाबों के आसमान तक

# रुके न तू, थके न तू! निडर रहे और कर्तव्य पथ से कभी हटे न तू!

**कुलदीप गुप्ता**

2014 यानी नौ वर्ष पूर्व बन्द कमरे में बैठ कर की गई कल्पना ने एक विचार को जन्म दिया और उस विचार ने साहस, ईमानदारी, दृढ़ता और स्पष्टवादिता जैसे गुणों के साथ एक परिकल्पना को जन्म दिया और यह परिकल्पना हिलव्यू समाचार के रुप में लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ के रूप में सुशोभित होकर जनता के समक्ष आई जिसका सफ़र आज अनवरत जारी है और आगे भी उत्तरोत्तर जारी रहेगा। शासन और प्रशासन के हर रंग और हर रूप को देखते, सुनते, समझते और समझाते हुए देश राज्य, ज़िले, गाँव और ढाणी के राजनैतिक सामाजिक,साहित्यिक गलियारों से होते हुए आम जनता की आवाज़ बनकर आम जनता की सेवार्थ हिलव्यू समाचार की कलम निडर होकर अनवरत चल रही है। इसने जीवन के हर रंग को परिभाषित किया है।हर वर्ग,धर्म,मज़हब, पंथ को आत्मसात किया और उसके हर पहलू को अपनी कलम में ढालकर उकेरा है।

साहित्य, कला, सँस्कृति, परम्परा, रीति रिवाजों को प्रमुखता से स्थान दिया तो समाज के दूसरे वर्ग जो अपनी आँखों में ढेर सारे सपनों को सँजोने से भी डरते है या साहस नहीं जुटा पाते है उनके सपनों को साकार करने की भी एक कोशिश मुहिम के रूप में छेड़ी।

कलम को इंद्रधनुष के सातों रंगों और नवरसों के मिश्रण में डुबोकर हर अहसास ,जज़्बात और ख़्यालों को पन्नो पर उतारकर आम इंसान के दिल तक पँहुचने की अदद ख़्वाहिश की और उस ख़्वाहिश को पाठकों ने अपने स्नेह ,प्रेम, दुलार और आशीर्वाद से सराबोर कर दिया। खुले दिल से सरकार की अच्छी नीतियों और उपलब्धियों की प्रशंसा की तो वहीं ग़लत नीतियों व फैसलों को जमकर उजागर किया एवं विरोध भी प्रदर्शित किया। अंतःकरण की आवाज़ को सुनने की इच्छा एवं कोशिश हमेशा रहती है और इसी लालसा में पाठकों से अनवरत संवाद बनाये रखने की मुहिम डिजिटल रूप में जारी है।

**हिलव्यू समाचार की स्वामी एवं एडिटर शालिनी श्रीवास्तव के परिचय में हरिवंश राय बच्चन जी की यह पंक्तियाँ उनके व्यक्तित्व,कार्यशैली,आचार, विचार और व्यवहार को पूरी तरह परिभाषित करती है–**

धरा हिला, गगन गुँजा
नदी बहा, पवन चला
विजय तेरी, विजय तेरी
ज्योति सी जल, जला
भुजा–भुजा, फड़क–फड़क
रक्त में धड़क–धड़क
धनुष उठा, प्रहार कर
तू सबसे पहला वार कर
अग्नि सी धधक–धधक
हिरन सी सजग सजग
सिंह सी दहाड़ कर
शंख सी पुकार कर
रुके न तू, थके न तू
झुके न तू, थमे न तू
सदा चले, थके न तू



पिंक सिटी प्रेस क्लब में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रश्न पूछते हुए संपादक हिलव्यू समाचार





सृष्टि अचीवर्स अवार्ड में आयोजक मधु सोनी से सम्मान प्राप्त करते हुए



राजकिशोर सक्सेना दूरदर्शन प्रोग्राम प्रोड्यूसर के गुल्लक कार्यक्रम में गेस्ट रूप में शिरकत



पारीक कॉलेज जयपुर में मोटिवेशनल स्पीच देते हुए



डॉ अल्पना माथुर के साथ झंडारोहण आदर्श स्कूल जनता कॉलोनी में



हिलव्यू समाचार सह-संपादक कुलदीप गुप्ता एवं शालिनी श्रीवास्तव जयपुर मेयर विष्णुलाटा से सम्मानित होते हुए




"मेरा काम मेरी पहचान" कार्यक्रम के तहत आकाशवाणी की प्रोग्रामिंग हेड रेशमा ख़ान के साथ



यूरोप से आई यूनेस्को टीम हेड मिंजा यंग से नाना जी की हवेली के अवैध निर्माण और हैरीटेज से छेड़छाड़ को लेकर बातचीत



सृष्टि द विमन्स क्लब के आयोजन सृष्टि अचीवर्स अवार्ड में दूरदर्शन प्रोड्यूसर राजकिशोर सक्सेना,पूजा राणावत फैशन डिजाइनर व सोशियल एक्टिविस्ट,गिरिजा शर्मा सोशियल एक्टिविस्ट से सम्मान प्राप्त करते हुए



बारॉं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया (पत्नी प्रमोद जैन भाया मंत्री राजस्थान सरकार) द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल।




8 मार्च महिला दिवस पर आकाशवाणी में हुए कार्यक्रम में शिरकत



विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में हिलव्यू समाचार के प्रश्न राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत के संबंध में एमआईटी (महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) पुणे आयोजक राहुल कराड़ से चलते-चलते बातचीत



राजस्थान मुख्य सचिव उषा शर्मा से चर्चा के कुछ पल



हिलव्यू समाचार का द केरला स्टोरी मूवी अभियान का प्रथम चरण 29 मई 2023 को जिसमें 300 से ज़्यादा महिलाओं ने निःशुल्क मूवी देखी और मोटिवेशनल सत्र भी आयोजित।



हिलव्यू समाचार का द केरला स्टोरी मूवी का दूसरा चरण 12 जून 2023 को सफल 300 महिलाओं ने देखी मूवी और हुई चर्चा।



तीज महोत्सव में प्रताप सिंह खाचरियावास का सम्मान करते हुए




एमजीडी स्कूल,जयपुर में मोटिवेशनल स्पीच देते हुए



वीरेंद्र ओझा इनकमटैक्स कमिश्नर मुंबई के पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में प्रयागराज में शिरकत



विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में हिलव्यू समाचार के प्रश्न राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत के संबंध में एमआईटी (महाराष्ट्र इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) पुणे आयोजक राहुल कराड़ से चलते-चलते बातचीत करते हुए सह-संपादक कुलदीप गुप्ता



लद्दाख के योध्दाओं का चीन के विरुद्ध अभियान में शिरकत अरुणा टांक वरिष्ठ नेत्री (बीजेपी )के साथ



जॉर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की जयपुर जिला कार्यकारिणी का गठन



जॉर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पदभार ग्रहण



हिमानी अज्ञानी द्वारा आयोजित IAS व IPS कवि सम्मेलन लम्हे कार्यक्रम में वीरेंद्र ओझा इनकमटैक्स कमिश्नर मुम्बई,सौरव तिवारी टाटा कम्युनिकेशन निदेशक ,गोपाल शर्मा प्रभाकर रिटायर्ड डी पी आर,अश्विन शर्मा आर.ए. एस., गौरव श्रीवास्तव आईपीएस से सम्मान प्राप्त करते हुए



राजकंवर राठौड़ द्वारा आयोजित इंडियन प्राइड में सम्मान लेते हुए।




यूनिक जोन किड्स इंडियन बॉलीवुड क्राउन में चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत



IBA चैनल के सीनियर एंकर दुर्गेश भटनागर के साथ 2018 चुनावों के परिणामों पर लाइव चर्चा



डांडिया कार्यक्रम में जयपुर मेयर विष्णुलाटा,राजीव अरोड़ा सीएम सलाहकार,अकबर ख़ान सोशियल एक्टिविस्ट के साथ



माँ का आँचल कार्यक्रम में आयोजक दूरदर्शन प्रोड्यूसर राजकिशोर सक्सेना को भेंट देते हुए।

# हिलव्यू समाचार की एक्सक्लूसिव स्टोरी


हिलव्यू समाचार

प्रेस का कर्तव्य देश के सामने सच बोलना है: सुप्रीम कोर्ट

राजस्व विभाग और आयकर विभाग को धोखा दे रहे हैं अवैध बिल्डिंग और कॉम्पलेक्स बनाने वाले बिल्डर्स

आदर्शनगर और मालवीयनगर विधानसभा की पहचान है अतिक्रमण और अवैध निर्माण


हिलव्यू समाचार

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से बड़ा गहलोत सरकार का सियासी सिस्टम?

कोटा का पर्कोटा बन जायेगा एक्सिडेंटल पॉइंट

जेडीए द्वारा पूर्व में ध्वस्त हुई अवैध कॉलोनियों पर फिर से निर्माण जारी


हिलव्यू समाचार

राजनैतिक संकट में भी जनता को राहत देने का लिया दृढ़ संकल्प

मामले की करेंगे इंटरनल ऑडिट: मिश्रा

मुख्यमंत्री सलाहकार एवं नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा पर जबरन अवैध कब्जा और चोरी करने के आरोप


हिलव्यू समाचार

कोटा के सौंदर्य पर खतरा लगा रही है ये परकोटे पर बनी बस्तियाँ


हिलव्यू समाचार

अतिक्रमण व अवैध निर्माणों में सरकार बनी धृतराष्ट्र और प्रशासन बना दुःशासन

सुप्रीम कोर्ट के पार्क नियमों के आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहा एक साधारण सा वार्ड 94 भाजपा पार्षद घनश्यामदास चंदलानी


डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22 वर्ष : 08 अंक : 32 मूल्य : 5 रुपए पृष्ठ : 08

शिखर दृष्टि जीवन की... साप्ताहिक समाचार पत्र

हिलव्यू समाचार

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

जयपुर >> सोमवार, 14 फरवरी, 2022

मुख्यमंत्री ने किया कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का शिलान्यास कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के निर्माण से संवैधानिक मूल्यों को मिलेगी मजबूती

बुढ़ापे में राजनीति से रिटायरमेंट सेहत के लिए हानिकारक, युवा नेताओं को रगड़ाई हो

हिजाब विवाद पहुँचा जयपुर

यह बिल बाल विवाह रोकने के प्रावधानों के खिलाफ, संशोधन करके भेजें


हिलव्यू समाचार

पंचवटी सर्किल बन गया पांचाली


हिलव्यू समाचार

जयपुर हेरिटेज निगम की करोड़ों की जमीन कूड़े में

असभ्यता के चरम पर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के तेवर


हिलव्यू समाचार

राज्य के हर थाने में महिला सब इंस्पेक्टर बेहद जरूरी: महानिदेशक पुलिस एम एल लाठर


हिलव्यू समाचार

अधिग्रम संस्थान ही नहीं पूरा गोपालपुरा बायपास है अवैध निर्माणों व अतिक्रमणों का अड्डा

फ्रंटियर कॉलोनी में ज्यादातर बिल्डिंग बन रहीं हैं अवैध


हिलव्यू समाचार

दिन-ब-दिन भट्टियों की आग में धधकता जा रहा है गुलाबी शहर जयपुर


हिलव्यू समाचार

कांग्रेस की "भारत जोड़ो यात्रा" भाजपा पर पड़ेगी भारी

क्या लव्या शर्मा जीना चाहती थी


हिलव्यू समाचार

पंचवटी सर्किल के भूमाफिया खाईवाल बनकर भी खा रहे निजी जमीनें और निजी संपत्तियों को

# हिलव्यू समाचार की एक्सक्लूसिव स्टोरी







































# हिलव्यू समाचार की एक्सक्लूसिव स्टोरी


हिलव्यू समाचार
क्या सत्ता की सनक का परिणाम है 19 जिलों की घोषणा?
ख़बर-बेख़बर
मालवीयनगर ज़ोन नगर निगम ग्रेटर की मनमानी चरम पर
अब जयपुर की राजनीति में भी पनप रहा परिवारवाद


हिलव्यू समाचार
श्रीराम के जयकारे के साथ रावण के पुतले का दहन
इंतज़ार खत्म... पिंकसिटी को एलिवेटेड रोड की सौगात आज
इन्वेस्ट राजस्थान समिट में 10.44 लाख करोड़ के 4,192 एमओयू, LOI पर हस्ताक्षर
स्वाद... राजस्थान का!
सरस


हिलव्यू समाचार
राजस्थान की स्त्री के अस्तित्व पर शराब का ग्रहण कब तक?
मर्यादा से बाहर राजनीति कोई पसंद नहीं करेगा
कांग्रेस संगठन में पायलट समर्थकों को मिलेगी जगह, सचिन बोले...हर तबके का प्रतिनिधित्व हो


हिलव्यू समाचार
नकली हिंदुत्व की आड़ में गोवर्धनपुरी गलतागेट में धड़ल्ले से जारी है अवैध निर्माण
ख़बर-बेख़बर
सरकार की करोड़ों की ज़मीन कौड़ियों में उजलब


हिलव्यू समाचार
08
जेडीए कहां कर रहा है मनमानी
आख़िर क्यों?


डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22
R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746
मीडिया दृष्टिकोण
वर्ष : 09 • अंक : 46 • मूल्य : 10 रुपये • पृष्ठ : 08
हिलव्यू समाचार
अवैध कामों के अंत की एक वैध अवधि ज़रूर होती है। -शालिनी श्रीवास्तव
website: www.hsnews.in
साप्ताहिक समाचार पत्र
जयपुर, रविवार, 14 मई 2023
भूमाफ़ियाओं की भेंट चढ़ रही राजापार्क पंचवटी सर्कल की सरकारी ज़मीनें!
ख़बर-बेख़बर
भ्रष्टाचार को प्रमाणित कर रहीं सड़क तक आती बालकनियां!
बहुमंज़िला बिल्डिंग में 5-6 फीट आगे बालकनियां सड़क को कवर कर रहीं निगम नींद में बिल्डर सेंध में!
बबूवाल कमेटी की ज़मीन के अलावा पुराने डाकघर और सरकारी स्कूल,पंचवटी सर्कल,राजापार्क की करोड़ों अरबों की ज़मीन पर भूमाफ़िया आज भी कब्ज़ा कर बेच रहे अवैध दुकानें या किराए पर देकर वसूल रहे लाखों-करोड़ों का किराया!
भूमाफ़ियाओं की गैंग में दो पूर्व पार्षद भी हैं शामिल!
"मालवीयनगर ज़ोन,नगर निगम ग्रेटर उपायुक्त महेश मान निष्क्रिय और मौन क्यों?"
जांच योग्य विशेष तथ्य
निर्माण स्वीकृति कुछ और मौके पर काम कुछ और?
अवैध निर्माणों का नया फंडा
सीएम गहलोत से मिला बिजली कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल
मानवीय दृष्टिकोण से लागू की गई पुरानी पेंशन योजना
विशेषज्ञों द्वारा ओपीएस की आलोचना गलत
हर वर्ग हो रहा लाभान्वित
समाज के हित में किसी भी सामाजिक, सार्वजनिक मद्दे पर संपर्क करें - 7976561127


हिलव्यू समाचार
गोपालपुरा बाईपास
हज़ारों विद्यार्थियों की जान ख़तरे में!


हिलव्यू समाचार
फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों से पंचवटी सर्कल की सरकारी ज़मीनें रखीं जा रहीं गिरवी!
ख़बर-बेख़बर
गिरिधारी मन्दिर का कब्ज़ा छोड़ना होगा रामकिशोर मीणा को


हिलव्यू समाचार


हिलव्यू समाचार
राजस्थान पुलिस का अंतर्युद्ध !
ख़बर-बेख़बर
हौसले की उड़ान


हिलव्यू समाचार


हिलव्यू समाचार
किस्सा नाक का
मैं पत्रकार हूँ...


हिलव्यू समाचार
महिलाएँ पत्रकारिता में आगे आएं: गहलोत
ख़बर-बेख़बर

# हिलव्यू समाचार की एक्सक्लूसिव स्टोरी


हिलव्यू समाचार

राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा पारित आदेश में मानीनाय जी की कोठी सहित 143 अवैध व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण के आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहा नगर निगम हेरिटेज जयपुर

राजधानी के इस अवैध निर्माण के जालसाज का असली गुनाह कौन?

तत्काल निरीक्षण करें सफाई सीज और 10 साल की सजा

विशेष अदालतों से लोगा सुनवा आदेश के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण


हिलव्यू समाचार

अवैध निर्माणकर्ता सक्षम बिल्डर ने मासूम स्कूली बच्चों को बनाया हथियार अवैध बिल्डिंग बचाने का !

उपायुक्त महेश मान की कार्यशैली संदिग्ध!


हिलव्यू समाचार

जयपुर परकोटा (चारदिवारी) जल्द खो देगा विश्व विरासत का दर्जा

जिम्मेदार कौन?


हिलव्यू समाचार

राजनैतिक रसूख के चलते जीरो सेटबैक की अवैध बिल्डिंग्स होटल सफारी व हैड सफारी आज भी खड़ी हैं गोपालपुरा बायपास पर

क्या जेडीए प्रवर्तन अधिकारी सुधीर सैनी की होटल सफारी पर नज़र नहीं आती गोपालपुरा बायपास पर?

सिंधी कॉलोनी राजापार्क में 307, C-9, C-24, C-27 एक लाइन में तीन-तीन अवैध निर्माण और नगर निगम नींद में


हिलव्यू समाचार

किशनपोल जोन नगर निगम हेरिटेज से पुनर्निर्माण की अनुमति नहीं, फिर भी गलियों में अवैध निर्माण का परवान चढ़ रहे है नाना जी की हवेली


डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22 वर्ष : 08 अंक : 26 मूल्य : 5 रुपए पृष्ठ : 12 R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

शिखर दृष्टि जीवन की... साप्ताहिक समाचार पत्र

हिलव्यू समाचार

जयपुर >> मंगलवार, 28 दिसम्बर, 2021

hillviewsamachar@gmail.com

जयपुर कॉलेज (नाना जी की हवेली) चौड़ा रास्ता जयपुर अवैध निर्माणों का प्रतिनिधि बना

खबर-बेखबर

नगर निगम हेरिटेज का कुशासन

शक्ल बदलती इमारतें और लुप्त होती विरासत

शहर में सफाई अभियान से पहले अपनी निगाह में नकार दौड़ाएं मेयर साहिबा!

पत्रकारों की विभिन्न सुविधाओं एवं समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य स्तरीय एवं विभाग स्तरीय समितियों का गठन

श्रीमती उर्मिला जैन 'भाया' को बारां जिला प्रमुख बनने पर हिलव्यू समाचार परिवार हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

आवासीय क्षेत्रों में भी अवैध निर्माण जारी...

राजापार्क, जवाहर नगर, आदर्श नगर आवासीय क्षेत्रों में अवैध निर्माणों की बाढ़!


हिलव्यू समाचार

विश्व विरासत के संरक्षण फंड के करोड़ों रुपए डूब जाएंगे अवैध निर्माण के कूड़े में

शिक्षा विभाग ने तैयार की नई ट्रांसफर पॉलिसी


हिलव्यू समाचार

पंचवटी सर्किल के भूमाफियाओं के पापों का जल्द होगा पर्दाफाश

हिलव्यू समाचार ने 250 लड़कियों व महिलाओं को निःशुल्क दिखाई "द केरल स्टोरी" फिल्म


हिलव्यू समाचार

सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं


हिलव्यू समाचार

मंडरा रहा मौत का साया

मुकेश कुमार हीरो और महेश मान जीरो!


हिलव्यू समाचार

आखिर जेडीए गोपालपुरा बायपास स्पेशल प्रोजेक्ट डवलपमेंट प्लान को दे दी गयी हाईकोर्ट में चुनौती


हिलव्यू समाचार

जिसका काम उसी को साजे और करे तो घंटा बाजे


हिलव्यू समाचार

कुछ सालों में बिगड़ जायेगा फ्रंटियर कॉलोनी, राजापार्क का भी नक्शा

गुरुनानकपुरा की गलियां हो रही हैं गुम पीजी/हॉस्टल की भीड़ में

## ई रिक्शा यूनियन की मेहनत रंग लाई

# अंबाबाडी में स्थापित हुआ ई-रिक्शा स्टैंड, चालकों को मिली राहत

**हिलव्यू समाचार**


**जयपुर।** जयपुर जिला ई-रिक्शा यूनियन (एटक) ने शहर के अंबाबाड़ी स्थित सब्जी मंडी के पास, एसबीआई बैंक के सामने ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित कर चालकों को राहत दिलाने का अदम्य प्रयास किया है। शहर में ई-रिक्शा के लिए कोई अतिरिक्त स्टैंड न होने की वजह से चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। इसके लिए यूनियन के अधिकारियों ने हाल में शहर की कुछ जगहों को चिन्हित करते हुए ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाने की मांग की थी। इसी कड़ी में मंगलवार को अंबाबाड़ी में ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित किया गया है। यहां 20 ई-रिक्शा पार्क किए जाने की सुविधा है। इससे पहले ढेहर के बालाजी और रॉयल सिटी मांचवा में ई-रिक्शा का पार्किंग स्टैंड बनाया जा चुका है।

इस संबंध में जयपुर जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन (एटक) के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह खानडी ने बताया कि ई-रिक्शा चालक जयपुर जिले में ठहराव की समस्या के लिए परेशान हो रहे थे। शहर में ई-रिक्शा स्टैंड बनने से चालकों को ठहराव की समस्या से रूबरू नहीं होना पड़ेगा। इस दौरान स्थानीय निवासी गीता पहाड़िया ने सभी ई-रिक्शा चालकों का मनोबल बढ़ाया और जरुरत पड़ने पर यथासंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

अंबाबाड़ी में ई-रिक्शा स्टैंड के उद्घाटन अवसर पर जयपुर जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन (एटक) के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह खानडी, उपाध्यक्ष पवन कुमार जांगिड़, महामंत्री जतिन बागतयानी, मंत्री मो. मुन्ना, संगठन मंत्री कनैयालाल रैगर, संयुक्त सचिव करण सिंह, चोखट, रवि, सन्नी, विशाल, सुनिल, लालू, विजय, बादल, पवन, अर्जुन, लाला, शंकर, बुद्धा जी, सुखराम, शक्ति, विक्रम, विक्रम सैनी, महेंद्र, दीपक, भैरू, कालू डिग्गी, कमल, मुकेश, गुल्लू, राधेश्याम, दीन दयाल, निखिल, अनिल, भैरू, सिबल्ल, धरमराज, कालू, बबलू और जीतू गुजराती सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।








## टैली सोल्युशन्स ने 2 गुना विकास की योजना बनाई

# टैली प्राइम 3.0 का लॉन्च किया, सादगी का नया अवतार

जयपुर। भारत के प्रमुख बिज़नेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर प्रदाता टैली सोल्युशन्स ने आज टैली प्राइम 3.0 के लॉन्च की घोषणा की है। इस नई रिलीज़ के साथ टैली जीएसटी समाधानों में सुधार लाते हुए बिज़नसेज़ की रिपोर्टिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। इसकी मदद से बिज़नसेज़ को अपनी बकाया राशि तेज़ी से जुटाने में मदद मिलेगी। टैली सोल्युशन्स को उम्मीद है कि यह रिलीज़ अगले कुछ सालों में कंपनी के राजस्व को दोगुना करने और इसके कस्टमर्स की संख्या को 2.3 से 3.5 मिलियन तक पहुंचाने में मदद करेगी।




राजस्थान भारत के सबसे जीवंत राज्यों में से एक है जहां विभिन्न श्रेणियों जेसे ऑटो एवं ऑटो कम्पोनेन्ट्स, ज्वैलरी, टूरिज़्म, रीटेल, टेक्सटाईल, फूड प्रोसेसिंग आदि में 6 लाख से अधिक एमएसएमई अपना संचालन करते हैं। अकेले जयपुर में 1 लाख से अधिक एमएसएमई हैं, इस तरह बीएमएस सिस्टम के लिए बड़ी संख्या में अवसर उत्पन्न होते हैं। इन एमएसएमई को विकसित होने के लिए डिजिटलीकरण बहुत ज़रूरी है और टैली सोल्युशन्स न सिर्फ जयपुर बल्कि पूरे राजस्थान में इस दिशा में कार्यरत है। आने वाले समय में कंपनी स्वतन्त्र रूप से और उद्योग जगत के साझेदारों के साथ मिलकर विभिन्न सत्रों का आयोजन करेगी, ताकि इन एमएसएमई की समस्याओं को हल करने और इन्हें ऑटोमेशन को अपनाने के लिए मदद की जा सके।

इस लॉन्च पर बात करते हुए श्री बालाजी एस महाप्रबंधक. उत्तरी क्षेत्र टैली सॉल्यूशंस ने कहा, ''6 साल पहले जीएसटी की शुरूआत के बाद से सरकार द्वारा कम्प्लायन्स सिस्टम को आसान और सख्त बनाने के लिए कई बदलाव लाए गए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम जीएसटी अनुभव में सुधार लेकर आए हैं, हमने इसे बिज़नसेज़ के लिए बेहद फ्लेक्सिबल बनाया है, ताकि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिस्टम का अनुपालन कर सकें। हमने रिपोर्टिंग सिस्टम को बेहतर बनाया है और आसानी से सर्च एवं सेव करने वाले फीचर्स के साथ अनलिमिटेड कस्टम रिपोर्ट्स जनरेट करने की क्षमता विकसित की है। अपने कस्टमर्स के लिए इन समाधानों का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, इसका इस्तेमाल कर वे निश्चित रूप से विकास के पथ पर बढ़ सकेंगे।''

मल्टी-जीएसटीआईएन क्षमता के साथ टैली प्राइम 3.0 के यूज़र एक ही टैली कंपनी में मल्टीपल जीएसटीआईएन डेटा को मैनेज कर सकेंगे, जिससे कस्टमर्स के लिए अपने बिज़नेस डेटा को मेंटेन रखना आसान हो जाएगा। नई रीलीज़ जीएसटी रिटर्न जनरेट करने तथा जीएसटीआर 1, 2 ए एवं 3 बी के रीकन्साइलेशन के लिए ज़बरदस्त स्पीड देती है, इससे ये सभी काम बड़ी आसानी से हो जाते हैं। इसमें डिजिटल पेमेंट रिक्वेस्ट का फीचर भी है, जिसकी मदद से बिज़नसेज़ के लिए अपना संचालन और पैमाना बढ़ाना सरल हो जाता है। बिज़नसेज़ इनवॉयस एवं अन्य रिपोर्ट्स में पेमेंट लिंक या क्यूआर कोड शामिल कर सकते हैं। वहीं कस्टमर्स भी अपने पसंदीदा मोड जैसे डोमेस्टिक या इंटरनेशनल डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड, ईएमआई, पे लेटर, नैट बैंकिंग, यूपीआई या मोबाइल वॉलेट के ज़रिए आसानी से पेमेंट कर सकते हैं।

टैली प्राइम का रिपोर्टिंग सिस्टम पहले से बेहद मजबूत है, जो नए रिपोर्ट्स फिल्टर्स के साथ और भी सक्षम हो गया है, जहां एक क्लिक के साथ रिपोर्ट में डेटा फिल्टर किया जा सकता है, जिससे बिज़नेस को मैनेज करना कहीं अधिक आसान हो जाता है। इस प्रोडक्ट में कई पावरफुल फीचर्स हैं जैसे पावरफुल गो टू के साथ नया बेहतर अनुभव, प्रोडक्ट में ई-वे बिल या ई-इनवॉयस जनरेट करने के लिए कनेक्टेड क्षमता, चेंज व्यू, बेसिस ऑफ वैल्यूज़, एक्सेप्शन रिपोर्ट्स और सेव व्यू के साथ अधिक अडेप्टेबल रिपोर्टिंग अनुभव। कुल मिलाकर टैली प्राइम 3.0 सिस्टम को अधिक सरल एवं दक्ष बनाता है। इसका नया वर्ज़न एक्टिव टीएसएस सब्सक्रिप्शन के साथ यूज़र्स के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।

**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित)

hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)